University in News on 24 February 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

चेस, कैरम और टीटी में दिखाया जोश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतर हॉस्टल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय अंतर हॉस्टल प्रतियोगिता में रविवार को चेस, कैरम और टेबल टेनिस (टीटी)में विद्यार्थियों ने दम दिखाया।

मौके पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और प्रति कुलपति प्रो. राजकुमार सिंह मौजूद रहे। चीफ प्रोक्टोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों के टेबल टेनिस प्रतियोगिता के एकल और युगल श्रेणियों में प्रथम स्थान होमी जहांगीर भाभा हास्टल को प्राप्त हुआ जबकि महिला श्रेणी में एकल और युगल में प्रथम स्थान चन्द्रशेखर आजाद गर्ल्स हास्टल को मिला। कैरम प्रतियोगिता में फाइनल में सुभाष हॉस्टल ने हबीबुल्लाह को पराजित किया।

चेस प्रतियोगिता में कौटिल्य हॉस्टल प्रथम और आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास दूसरे स्थान पर रहा। महिला छात्रावास की कैरम प्रतियोगिता में कैलाश प्रथम और निवेदिता हॉल द्वितीय स्थान पर रहा।

कुलपति इलेवन ने जीता क्रिकेट मुकाबला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की ओर से रविवार को कुलपति और प्रति कुलपति इलेवन के बीच मैच हुआ। इसमें कुलपति इलेवन ने जीत दर्ज की। कुलपति इलेवन के कप्तान प्रो. आलोक कुमार राय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 15 ओवर में छह विकेट खोकर 127 रन बनाए। अजय आर्य के 57 रन बनाए। जवाब में प्रति कुलपति की टीम 15 ओवर में 106 रन ही बना पाई। भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

जेआरएफ में 154 विद्यार्थी सफल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट की परीक्षा में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया है। रविवार को रिजल्ट आने के बाद विश्वविद्यालय के विभागों ने 154 विद्यार्थियों के सफल होने की जानकारी दी। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक सोमवार को विश्वविद्यालय खुलने पर बाकी विभाग से इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

नया ऑर्डिनेंस मंजूर, LU में इसी सत्र से व्यवस्था

डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों को PhD में सीधे दाखिला

Zeeshan.Rayini
@timesofindia.com

AI Image

लखनऊ: एलयू के संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों को अब पीएचडी प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी। शिक्षकों को सीधे पीएचडी में दाखिला मिलेगा। राजभवन से पीएचडी के रिवाइज्ड ऑर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत हर विषय में दस फीसदी सीटों पर शिक्षकों को सीधे दाखिला दिया जा सकेगा। ये सीटें सुपरन्यूमेरिक होंगी। यानी किसी विषय में 50 सीटें हैं तो पांच अतिरिक्त सीटों पर शिक्षकों का दाखिला होगा।

एलयू में अब तक सिर्फ विदेशी स्टूडेंट्स को सुपरन्यूमेरिक सीट का लाभ मिलता रहा है। अब इस साल से कॉलेजों के शिक्षकों को भी लाभ मिलेगा। एलयू के डीन ऐडमिशन डॉ. पंकज माथुर ने बताया कि यह सुविधा सिर्फ नियमित शिक्षकों के लिए होगी। आवेदन पर डॉक्युमेंट वैरिफिकेशन के बाद सीधे दाखिला मिलेगा, हालांकि उन्हें कोर्स वर्क पूरा करना होगा। वहीं, कॉन्ट्रैक्ट या सॉल्वी पर तैनात शिक्षकों को सीधे दाखिला नहीं मिलेगा।

मंजूरी से पहले शुरू हुई थी प्रवेश प्रक्रिया

ऑर्डिनेंस कुछ दिन पहले ही मंजूर हुआ है, लेकिन एलयू के ऐडमिशन सेल ने बीते साल अक्टूबर में ही विभागों को सीधे प्रवेश के लिए पत्र भेज दिया था। तब शिक्षकों ने आपत्ति जताई थी। एक विभाग ने दाखिला देने से भी इनकार कर दिया था। डीन एडमिशन पंकज माथुर का कहना है कि चूंकि प्रस्ताव भेज दिया गया था। ऐसे में प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। फीस ऑर्डिनेंस मंजूरी के बाद ही जमा करवाई गई है।

कॉलेजों के स्टूडेंट भी 'स्वयं' करेंगे पढ़ाई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एलयू से संबद्ध डिग्री कॉलेजों को भी गैसिव ऑफ ऑनलाइन कोर्स (मूक) शुरू होंगे। इसके लिए हर कॉलेज में नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो स्टूडेंट्स को स्वयं पोर्टल पर मौजूद कोर्सों के बारे में बताएगा। स्वयं पोर्टल की चीफ नोडल ऑफिसर किरण लता उंगवाल ने बताया कि इन नोडल अफसरों की ट्रेनिंग भी शुरू हो गई है। ऐसे में अगले सत्र से अब विवि के कई कोर्सों में कुछ पेपर की पढ़ाई ऑनलाइन ही होगी।

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू के 154 छात्रों को नेट में सफलता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुल 154 विद्यार्थियों ने यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 47 विद्यार्थियों ने जेआरएफ जबकि 107 विद्यार्थियों ने नेट क्वालिफाई किया है। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि विवि के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन व अंग्रेजी के एक-एक छात्राओं ने नेट पास किया है। वाणिज्य विभाग की संजना सिंह ने जेआरएफ क्वालिफाई किया है।

i-NEXT PAGE 4

21 रन से जीत गई वीसी की टीम

पर्यावरण पर्यटन को लेकर हुआ रोमांचक क्रिकेट मैच

LUCKNOW (23 FEB): एलयू के पर्यावरण पवेलियन ग्राउंड में रविवार को एक बेहद रोमांचक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. जिसमें वीसी और प्रो वीसी की टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली. मैच की शुरूआत टॉस के साथ हुई और वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया.

127 रन का स्कोर

पहले बल्लेबाजी करते हुए वीसी की टीम ने 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 127 रन का स्कोर खड़ा किया. इस टारगेट का पीछा करने उतरी प्रो वीसी की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उनका पहला विकेट गिर गया. हालांकि बेहद जोश के साथ टारगेट का पीछा करने के बावजूद प्रो वीसी की टीम 15 ओवर में 106 रन ही बना सकी. नतीजतन वीसी की टीम ने 21 रन से जीत हासिल करते हुए लखनऊ यूनिवर्सिटी कप पर कब्जा कर लिया.

ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

इस मौके ज्योग्राफी डिपार्टमेंट के हेड प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. प्रो. अजय कुमार आर्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. इसके अलावा रस ए अली को बेस्ट फील्डर, विनीत कुमार को बेस्ट बॉलर, राजीव मनोहर को बेस्ट ऑलराउंडर और आशुतोष को बेस्ट विकेटकीपर का अवॉर्ड मिला. विवि के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी.

टेबल टेनिस में भाभा तो चेस में कौटिल्य जीते

इंटर हॉस्टल फेस्ट के पांचवे दिन स्टूडेंट्स ने लगाया दिमागी जोर

LUCKNOW (23 FEB): एलयू में चल रहे इंटर हॉस्टल फेस्ट के पांचवे दिन रविवार को विवि कैंपस में विभिन्न इनडोर कंपीशन हुए, जिसमें चेस, कैरम और टेबल टेनिस जैसी प्रतियोगिताओं में स्टूडेंट्स ने एक्साइटमेंट के साथ पार्टिसिपेट किया. चीफ प्रोक्टोस्ट अनूप कुमार सिंह ने बताया कि टेबल टेनिस की एकल और डबल्स दोनों कैटेगरी में भाभा हॉस्टल फर्स्ट रहा जबकि फीमेल कैटेगरी में एकल और डबल्स में आजाद हॉस्टल फर्स्ट रहा. इसके साथ ही बॉयज हॉस्टल में खेली गई कैरम कंपीशन में सुभाष हॉल फर्स्ट तो चेस कॉम्पिटीशन में कौटिल्य हॉस्टल ने फर्स्ट पोजीशन हासिल की. इसके साथ ही गर्ल्स हॉस्टल में खेली गई कैरम कंपीशन में कैलाश हॉस्टल फर्स्ट तो चेस में बीरबल साहनी को फर्स्ट पोजीशन हासिल की.

JAGRAN CITY PAGE III

यूजीसी नेट में मेधावियों ने भरी उड़ान

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूजीसी-नेट और जेआरएफ परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। कुल 154 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की, जिसमें 107 ने नेट और 47 ने जेआरएफ उत्तीर्ण किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

सबसे अधिक सफलता शिक्षा विभाग में मिली, जहां 37 विद्यार्थियों ने परीक्षा पास की। इनमें 26 ने नेट और 11 ने जेआरएफ पास किया। समाजशास्त्र विभाग में 20 ने नेट और छह ने जेआरएफ, जबकि व्यापार (कामर्स) विभाग में 18 ने नेट और आठ ने जेआरएफ में सफलता पाई। अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं से 17 छात्र सफल हुए, जिनमें 15 नेट और दो जेआरएफ में पास हुए। कानून विभाग में पांच ने नेट, नौ ने जेआरएफ, हिंदी और आधुनिक भारतीय भाषाओं से सात ने नेट, उर्दू से चार ने नेट, दो ने जेआरएफ, पत्रकारिता से दो ने नेट, एक ने जेआरएफ, पश्चिमी इतिहास से दो ने नेट और दो ने जेआरएफ, भूगोल से एक ने नेट, योग से एक ने नेट, गृह विज्ञान से दो ने नेट, खाद्य प्रसंस्करण से एक ने नेट और आंकड़ों से दो ने नेट और सात ने जेआरएफ हासिल किया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार, अभी तक केवल 15 विभागों के परिणाम ही उपलब्ध हो सके हैं। कई अन्य विभागों के डेटा अवकाश के कारण नहीं मिल पाए हैं। संभावना है कि और विद्यार्थियों की संख्या और हो सकती है।

154 विद्यार्थियों (लखनऊ विश्वविद्यालय के) ने मारी बाजी, 47 को जेआरएफ

केएमसी के विद्यार्थी नेट हुए सफल

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में सफलता हासिल की है। इसमें बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की छात्रा हला जमा ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर पीएचडी प्रवेश के लिए योग्यता प्राप्त की। अंग्रेजी विभाग की मुस्कान सोनी ने भी नेट उत्तीर्ण की है, जबकि वाणिज्य विभाग की संजना सिंह ने नेट के साथ-साथ जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) भी उत्तीर्ण किया है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

नगर की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

PIONEER PAGE 3

पांचवें दिन इंटर हॉस्टल कम्पटीशन फेस्ट-2025 में कई प्रतियोगिताएं संपन्न

लखनऊ। लविवि में चल रहे दस दिवसीय-इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट - 2025 के पांचवें दिन रविवार को विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चेस, कैरम एवं टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया। प्रतियोगिताओं में मुख्य अतिथि कुलपति आलोक कुमार राय तथा विशिष्ट अतिथि प्रो राजकुमार सिंह पूर्व प्रति कुलपति लविवि एवं प्रो केया पांडेय पुस्तकालयाध्यक्ष टैगोर लाइब्रेरी थीं। चीफ प्रोक्टोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों के टेबल टेनिस प्रतियोगिता के एकल एवं डबल्स दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान होमी जहांगीर भाभा हास्टल को प्राप्त हुआ। महिला श्रेणी में एकल एवं डबल्स में प्रथम स्थान चन्द्रशेखर आजाद गर्ल्स हास्टल को मिला।

पुरुष छात्रावास में कैरम प्रतियोगिता में फाइनल मैच सुभाष और हबीबुल्लाह के बीच खेला गया जिसमे सुभाष हॉस्टल विजयी रहा। साथ ही चेस प्रतियोगिता में कौटिल्य हास्टल प्रथम स्थान पर और आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास द्वितीय स्थान पर रहा।

महिला छात्रावास के कैरम प्रतियोगिता में कैलाश प्रथम स्थान पर तथा निवेदिता हॉल द्वितीय स्थान पर रहा। चेस प्रतियोगिता में बीरबल साहनी की विदेशी अंत:वासियों को प्रथम स्थान तथा कैलाश छात्रावास द्वितीय स्थान पर रहा। प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो वी के शर्मा, अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो बी डी सिंह आई पी पी आर निदेशक प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ शशि कनौजिया तथा सभी 18 छात्रावासों के अभिरक्षक एवं सह-अभिरक्षक उपस्थित थे।

क्रिकेट मैच में कुलपति इलेवन ने एलयू कप पर किया कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के तत्वाधान में आयोजित लखनऊ विश्वविद्यालय क्रिकेट कप के लिए कुलपति इलेवन एवं प्रतिकुलपति इलेवन के बीच रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड में क्रिकेट मैच हुआ। मैच के दौरान कुलपति की क्रिकेट टीम ने प्रति कुलपति के क्रिकेट टीम को रोमांचक मुकाबले में पराजित कर लखनऊ विश्वविद्यालय कप पर कब्जा किया।

विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड पर टी20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कुलपति इलेवन के कप्तान प्रो. आलोक कुमार राय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वी सी इलेवन की टीम कुछ इस प्रकार थी, प्रो. आलोक कुमार राय (कप्तान), प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. अजय कुमार आर्य, प्रो. अनूप भारतीय, डॉ अनिल गौरव, डॉ एस. ए. अली, डॉ विनीत कुमार, डॉ अजय सिंह, डॉ प्रवीण गुप्ता, डॉ अनार सिंह, पंकज माथुर एवं राकेश द्विवेदी तथा प्रति कुलपति इलेवन में प्रो. वी के शर्मा कप्तान, प्रो. राजीव मनोहर, डॉ आशुतोष, डॉ राहुल पांडेय, डॉ संदीप पुंडीर, डॉ विकास कुमार, डॉ भरत कुमार चौधरी, डॉ संजय गौतम, डॉ आनंद पांडेय, डॉ नागेंद्र मौर्य एवं डॉ आनंद वल्लभ जोशी थे। वीसी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 127 रन बनाए। वी सी इलेवन को पहला झटका अजय सिंह रन आउट के रूप में गिरा इसके बाद टीम के विकेट कीपर अजय कुमार आर्य और एस ए अली ने दूसरे विकेट के लिए तावड़तोड़ 86 रन जोड़े। वी सी इलेवन की ओर से सर्वाधिक 57 रन 49 गेंदों में नौ चौकों की मदद से सलामी बल्लेबाज अजय आर्य ने बनाया। वहीं दूसरे छोर पर प्रोफेसर आर्य का साथ दे रहे अली ने 24 गेंद पर चार चौकों की मदद से 31 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रो वी सी इलेवन की शुरुआत अच्छी नही रही संदीप पुंडीर के रूप में पहला विकेट गिरा इसके बाद राजीव मनोहर और आशुतोष ने पारी को संभाला। प्रो. वी सी की ओर से सबसे ज्यादा 45 रन आशुतोष ने बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रति कुलपति की टीम 15 ओवर में 106 रन ही बना पाई। इस तरह वी सी इलेवन की टीम ने 21रन से मैच जीत लिया और लखनऊ विश्वविद्यालय कप पर कब्जा किया। भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रो. अजय आर्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा, एस ए अली को बेस्ट फील्डर, विनीत कुमार को बेस्ट बॉलर, राजीव मनोहर को बेस्ट ऑलराउंडर और आशुतोष को बेस्ट विकेटकीपर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

AMRIT VICHAR PAGE 7

लविवि के 154 छात्रों ने नेट जेआरएफ में लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 47 छात्रों ने किया जेआरएफ क्वालिफाई
- भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी पाई कामयाबी

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के 154 छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की शोध परीक्षा में कामयाबी हासिल किया है। कुल 15 विभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें से 47 छात्र-छात्राओं ने जेआरएफ में कामयाबी हासिल किया है। जबकि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की छात्रा हला जमा ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर पीएचडी प्रवेश के लिए योग्यता प्राप्त की है। इसके अलावा सुप्रिया सिंह ने भी कामयाबी हासिल किया है। अंग्रेजी विभाग की मुस्कान सोनी ने नेट परीक्षा पास कर अपनी विद्वत्ता साबित की, जबकि वाणिज्य विभाग की संजना सिंह ने नेट परीक्षा में जेआरएफ क्वालिफाई कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्ध उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

कुलपति इलेवन ने प्रतिकुलपति की टीम को हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विजेता टीम कुलपति इलेवन के खिलाड़ी। अमृत विचार

- प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए किया सम्मानित

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के तत्वाधान में आयोजित लखनऊ विश्वविद्यालय क्रिकेट कप के लिए कुलपति एवं प्रतिकुलपति के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड में क्रिकेट मैच हुआ। कुलपति की क्रिकेट टीम ने प्रति कुलपति के क्रिकेट टीम को रोमांचक मुकाबले में पराजित कर लखनऊ विश्वविद्यालय कप पर कब्जा किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड पर टी 20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

कुलपति इलेवन के कप्तान प्रो. आलोक कुमार राय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वीसी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 127 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रो वी सी इलेवन की टीम 15 ओवर में 106 रन ही बना पाई। इस तरह वीसी इलेवन की टीम ने 21रन से मैच जीत लिया और लखनऊ विश्वविद्यालय कप पर कब्जा किया।

भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रो. अजय आर्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा, एस ए अली को बेस्ट फील्डर, विनीत कुमार को बेस्ट बॉलर, राजीव मनोहर को बेस्ट ऑलराउंडर और आशुतोष को बेस्ट विकेटकीपर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

THE PIONEER PAGE 3

रोमांचक मुकाबले में भाभा और आजाद हॉस्टल रहे विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि में इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता के पांचवे दिन हुए मुकाबले

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे दस दिवसीय इंटर हॉस्टल कॉम्पीटिशन फेस्ट 2025 के पांचवें दिन विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चेस, कैरम व टेबल टेनिस स्पर्द्धाओं का आयोजन किया गया। छात्रों के टेबल टेनिस प्रतियोगिता के एकल एवं डबल्स दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान होमी जहांगीर भाभा हास्टल को प्राप्त हुआ जबकि महिला श्रेणी में एकल एवं डबल्स में प्रथम स्थान चन्द्रशेखर आजाद गर्ल्स हास्टल को मिला। पुरुष छात्रावास में कैरम प्रतियोगिता में फाइनल मैच सुभाष और हबीबुल्लाह के बीच खेला गया जिसमे सुभाष हॉस्टल विजयी रहा। साथ ही चेस प्रतियोगिता में कौटिल्य हास्टल प्रथम स्थान पर और आचार्य नरेंद्र देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास द्वितीय स्थान पर रहा। महिला छात्रावास के कैरम प्रतियोगिता में कैलाश प्रथम स्थान पर तथा निवेदिता हॉल द्वितीय स्थान पर रहा। चेस प्रतियोगिता में बीरबल साहनी की विदेशी अंत:वासियों को प्रथम स्थान तथा कैलाश छात्रावास द्वितीय स्थान पर रहा।

8 LU STUDENTS GET JOBS

Lucknow University announced that eight students from the Faculty of Engineering and Technology have secured on-campus placements at Wipro. The students were honoured by Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai and dean of the faculty Prof AK Singh. In-charge of the Training and Placement Cell, Himanshu Pandey, explained that the students cleared Wipro's multi-stage selection process. The selected students—Divyanshi Khati, Jaya Nidhi, Akanksha Kushwaha, Shaily Yadav, Shivi Gangwar, Rakhi, Srishti Singh, and Muskan Bajpai—all from the BCA programme, have been offered roles as customer service representatives with an annual package of Rs 3.08 lakh.

SWATANTRA BHARAT PAGE 3

एलयू में टी-20 क्रिकेट का रोमांचक मुकाबला

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड पर टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कुलपति इलेवन के कप्तान प्रो.आलोक कुमार राय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वीसी इलेवन की टीम कुछ इस प्रकार थी, प्रो.आलोक कुमार राय (कप्तान), प्रो.राकेश द्विवेदी, प्रो. अजय कुमार आर्य,प्रो. अनूप भारतीय, डॉ.अनिल गौरव, डॉ.एस.ए.अली, डॉ.विनीत कुमार, डॉ.अजय सिंह, डॉ.प्रवीण गुप्ता, डॉ.अनार सिंह, पंकज माथुर एवं राकेश द्विवेदी शामिल रहे। वहीं, प्रति कुलपति इलेवन में प्रो.वीके शर्मा कप्तान, प्रो.राजीव मनोहर,डॉ.आशुतोष, डॉ.राहुल पांडेय, डॉ.संदीप पुंडीर, डॉ.विकास कुमार, डॉ.भरत कुमार चौधरी, डॉ.संजय गौतम,डॉ.आनंद पांडेय,डॉ.नागेंद्र मौर्य और डॉ.आनंद बल्लभ जोशी थे। इस दौरान वीसी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 127 रन बनाए वीसी इलेवन को पहला झटका अजय सिंह रनआउट के रूप में गिरा। इसके बाद टीम के विकेट कीपर अजय कुमार आर्य और एसए अली ने दूसरे विकेट के लिए तावड़तोड़ 86 रन जोड़े। वीसी इलेवन की ओर से सर्वाधिक 57 रन 49 गेंदों में नौ चौकों की मदद से सलामी बल्लेबाज अजय आर्य ने बनाया। वहीं, दूसरे छोर पर प्रो.आर्य का साथ दे रहे अली ने 24 गेंद पर चार चौकों की मदद से 31 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रो-वीसी की टीम 15 ओवर में 106 रन ही बना पाई। इस तरह वीसी इलेवन की टीम ने 21 रन से मैच जीत कर लविवि कप पर कब्जा किया। भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो.दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रो.अजय आर्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा, एसए अली को बेस्ट बैट्समैन, राहुल पांडेय को बेस्ट फील्डर, विनीत कुमार को बेस्ट बॉलर, राजीव मनोहर को बेस्ट ऑलराउंडर और आशुतोष को बेस्ट विकेटकीपर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

गिरा इसके बाद राजीव मनोहर और आशुतोष ने पारी को संभाला। प्रो-वीसी की ओर से सबसे ज्यादा 45 रन आशुतोष ने बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रति कुलपति की टीम 15 ओवर में 106 रन ही बना पाई। इस तरह वीसी इलेवन की टीम ने 21 रन से मैच जीत कर लविवि कप पर कब्जा किया। भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो.दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रो.अजय आर्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा, एसए अली को बेस्ट बैट्समैन, राहुल पांडेय को बेस्ट फील्डर, विनीत कुमार को बेस्ट बॉलर, राजीव मनोहर को बेस्ट ऑलराउंडर और आशुतोष को बेस्ट विकेटकीपर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।